सुविधा एसईसीएल सोहागपुर एरिया का फिल्टर प्लांट में फिर बेहतर व्यवस्था

महाप्रबंधक के निर्देश के बाद महीनों से बंद आरो फिर शुरू

प्रदीप शर्मा (भोलू)

नवभारत, धनपुरी । फिल्टर प्लांट सोहागपुर क्षेत्र जलप्रदाय का प्रमुख केंद्र है और आसपास का क्षेत्र शुद्ध पेयजल के लिए फ़िल्टर प्लान्ट पर निर्भर करता है। फिल्टर प्लांट में थोड़ी सी समस्या लोगों की समस्या बन जाती है। विगत 4 वर्षों से फिल्टर प्लांट में बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जलप्रदाय का कार्य चल रहा था लेकिन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अचानक सबमर्सिबल पंप 100 एचपी के दो, फेल हो गए जिसके कारण जलप्रदाय संकट उत्पन्न हो गया। फिल्टर प्लांट में उसे समय 100 एचपी के तीन पंप चल रहे थे और उस पंप के करण विभिन्न क्षेत्र जैसे अमरा डंडी, स्टोर कॉलोनी अमलाई,चार नंबर, तीन नंबर, एक नंबर,जीएम ऑफिस, चिकित्सालय, गेस्ट हाउस आरसी कॉलोनी रेलवे कॉलोनी छोटी अमलाई,उसलापुर को जलप्रदाय किया जाता था।

अचानक दो पंप के फेल हो जाने से पानी का भीषण संकट उत्पन्न हो गया और जहां पानी सप्लाई प्रतिदिन किया जाता था,

वहीं कई क्षेत्रों में यह पानी एक दिन छोड़ कर दिया जाने लगा। समस्या को गंभीरता के देखते हुए महाप्रबंधक सोहागपुर बी के जेना के द्वारा पंप को तत्काल रिपेयरिंग करने और अन्य स्त्रोतों से उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। क्षेत्रीय कार्यशाला के प्रभारी डॉक्टर ?म ए अच सिद्दीकी और इंजीनियर अजय द्विवेदी के निरंतर प्रयास से स्थिति में काबू पाया गया और वर्तमान में पुरानी स्थिति को बहाल कर दिया गया,और पानी वितरण प्रति दिन सुचारू रूप से चलने लगा। वर्तमान में एकीकृत जलप्रदाय योजना फिल्टर प्लांट सोहागपुर में,पांच पंप चल रहे हैं जिसमें 100 एचपी के तीन, 40 एचपी का एक, और 30 एचपी का एक पंप चल रहा है। और इन सब पंप ओं को रखरखाव बनाए रखने के लिए फिल्टर प्लांट के फोरमैन राम केर,सचिन जायसवाल बीजू समुल आदि दिन-रात लगे रहते हैं।

आवश्यक श्रम शक्ति का बेहद अभाव

फिल्टर पॉइंट में एक समय डेढ़ सौ से ज्यादा श्रम शक्ति हुआ करती थी लेकिन वर्तमान में एक दर्जन के लगभग बची है और ठेकेदारी श्रमिकों के सहयोग के साथ यह प्लांट चल रहा है लेकिन मूलभूत समस्या अभी भी बनी हुई है।फिल्टर पॉइंट में पंप ऑपरेटर,फिटर, फिटर हेल्पर का बेहद अभाव है जिसके कारण प्रतिदिन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। फ़िल्टर प्लांट से लगभग 10 किलोमीटर की पाइपलाइन का रखरखाव और पांच सबमर्सिबल पंप और 7 सप्लाई पंप के रखरखाव की समस्त जवाबदारी 1 फिटर और फोरमैन पर रहती है, जिसके कारण कॉलोनी में, घरों से मिलने वाले लगातार शिकायतों का निराकरण करने में विलंब हो रहा है जिससे लोगों की शिकायत देखने को मिलती है। फिल्टर प्लांट में भूमिगत खदानों में या ओपन कास्ट के सरप्लस फिटर, हेल्पर, वेल्डर और इलेक्ट्रीशियन को उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित रूप में समस्या का समाधान हो जाएगा और फिर यह फिल्टर प्लांट अपनी साख के अनुसार तेजी के साथ आगे बढ़ने लगेगा।

नि :शुल्क आरो पेयजल उपलब्ध

फिल्टरप्लांट मे लगे निशुल्क आरो, फिल्टर प्लांट लोगों के लिए खुला हुआ है कम श्रम शक्ति होने के बावजूद प्रतिदिन प्रात 9:00 बजे से 5:00 बजे तक इसका परिचालन होता है और लोग शुद्ध पेयजल को लेने के लिए दूर-दूर से आकर अपने बड़े-बड़े कंटेनर में भर के पानी पीने के लिए ले जाते हैं।जिससे लोगों को आर्थिक हानि होने से बचती है। निश्चित रूप में फिल्टर पॉइंट के श्रमिक बधाई के पात्र हैं इतनी कम श्रम शक्ति के बावजूद और जनता की भारी अपेक्षाओं के बावजूद कंपनी हित में पूरे समय कार्य में मस्त रहते हैं और इसका सारा श्रेय वहां की टीम और फिल्टर प्लांट के इंजीनियरअजय द्विवेदी व क्षेत्रीय कार्यशाला के प्रभारी डॉक्टर एम ए अच्छ सिद्दीकी और उनकी टीम को जाता है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उठाया 13 गाय की मौत का मामला

▶ रिपोर्ट पर सस्पेंस,सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग से गरमाई राजनीति

नवभारत, धनपुरी। धनपुरी क्षेत्र के अमलाई ओसीएम में 29 जनवरी 2026 को हुई 13 गायों की संदिग्ध मौत का मामला अब प्रशासनिक जांच से आगे बढ़कर राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। घटना के लगभग एक महीने बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक न होने पर सवाल तेज हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनपुरी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने थाना प्रभारी धनपुरी को पत्र क्रमांक 27, दिनांक 24 फरवरी 2026 के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर दोनों दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि घटना के बाद पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों का परीक्षण किया था, लेकिन अब तक विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं कराई गई। इससे क्षेत्र में तरह-तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं। उस समय स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी रही कि कथित रूप से कोलरी क्षेत्र से निकले बॉइलर के पानी को पीने से गायों की मौत हुई। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक ट्रक दिखाई देने की बात सामने आई थी। पुलिस द्वारा फुटेज को कब्जे में लेने की जानकारी दी गई, लेकिन उस आधार पर क्या कार्रवाई हुई, यह स्पष्ट नहीं किया गया। ज्ञापन में दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है, साथ ही उस समय ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी बात कही गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों में भी आक्रोश देखा गया था।

गौवंश से जुड़ा मामला होने के कारण इसकी संवेदनशीलता और बढ़ गई है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुद्दा अहम माना जा रहा है, क्योंकि प्रदेश की राजनीति में गौ संरक्षण प्रमुख विषयों में शामिल रहा है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा करेगी, क्या सीसीटीवी फुटेज जांच को निर्णायक दिशा दे पाएगा, और क्या प्रशासन पारदर्शिता के साथ पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करेगा...।

अनुराग सिंह ने रचा सफलता का इतिहास, बने प्रोफेशनल कंपनी सेक्रटरी

▶ मित्रों एवं शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं

नवभारत,शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय शहडोल में कार्यरत संतोष कुमार सिंहके सुपुत्र अनुराग सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ लगन और अटूट समर्पण के बल पर 'कंपनी सेक्रेटरी की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर एक नया मुकाम हासिल किया है। अनुराग सिंह अब एक प्रोफेशनल कंपनी सेक्रेटरी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र एवं समाज के लिए गर्व का विषय है।कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा देश की प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसे उत्तीर्ण करने

के लिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और धैर्य की आवश्यकता होती है।

अनुराग ने अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाते हुए कठिन परिश्रम किया और सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता तथा शुभचिंतकों का मान बढ़ाया। परिवारजनों ने बताया कि अनुराग बचपन से ही मेधावी एवं लक्ष्य के प्रति सजग रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पूनम सिंह एवं पिता संतोष सिंह के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं मित्रों के सहयोग को दिया है।उनकी इस उपलब्धि पर समाज के गणमान्य नागरिकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि अनुराग अपने ज्ञान, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ कॉर्पोरेट जगत एवं समाज की निरंतर सेवा करते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त करें। अनुराग सिंह की यह सफलता निश्चित रूप से युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह संदेश देती है कि सतत परिश्रम एवं आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

ड्राइविंग लाइसेंस सुरक्षा एवं पहचान का आधार

▶ नि :शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का किया गया आयोजन

शहडोल । महिला बाल विकास विभाग एवं परिवहन विभाग के समन्वय से शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार में नि:शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में सहायक संचालक महिला बाल विकास संजीता भगत द्वारा शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार जिला शहडोल में नि:शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप के माध्यम से कॉलेज में उपस्थित दूर दराज से आए हुए बालक बालिकाओं को लर्निंग लाइसेंस के बारे में बताया गया एवं ड्राइविंग लाइसेंस होने पर ही वाहन चालने की समझाइष दी गई। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस आपके सुरक्षा एवं पहचान का भी आधार है। कैंप में नीलमणि भगत परिवहन विभाग, महाविद्यालय के डॉ0 जयशंकर सिंह, डॉ0 दिनेश वर्मा, डॉ0 अनूप कुमार सेन, रामकुमारी पाण्डेय पर्यवेक्षक, भानुप्रिया केसवर्कर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

नवभारत, शहडोल । कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल एवं इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम चटहा में कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया।केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने किसानों को उन्नत खेती तकनीक, बीज उपचार, फेरोमोन ट्रैप, पौध संरक्षण, जैविक खाद निर्माण, वर्षा जल प्रबंधन, सिंचाई का महत्व एवं जैव-कीटनाशकों जैसे नीमास्त्र, अग्निआस्त्र, देशपर्णी, ब्रह्मास्त्र, नीम गौमूत्र अर्क एवं बीजामृत की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में फसल संरक्षण, कीट नियंत्रण, नैनो उर्वरक, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती पर भी विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक, इफ्को प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

ड्यूटी जाते समय जेल प्रहरी की सड़क हादसे में मौत

नवभारत, शहडोल। जिले के ब्यौहारी स्थित उप जेल में पदस्थ एक जेल प्रहरी की गुरुवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब प्रहरी सुबह की ड्यूटी के लिए घर से निकले थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक 29 वर्षीय अभिषेक सिंह उप जेल ब्यौहारी में पदस्थ थे। गुरुवार तड़के उनकी सुबह की शिफ्ट थी। वे अपने कमरे से बाइक लेकर ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यायालय के सामने उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई।हादसा इतना भीषण था कि अभिषेक सिंह के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक

उनकी जान जा चुकी थी। शव को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।घटना की सूचना मिलते ही उप जेल ब्यौहारी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। अपने साथी की असमय मौत से पूरा विभाग स्तब्ध नजर आया। शव को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया है।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सड़क दुर्घटना प्रतीत हो रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। युवा प्रहरी की अचानक हुई मौत से पूरे विभाग में शोक की लहर है।

दो दिवसीय होली मेला का आयोजन आज और कल

नवभारत, शहडोल। डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में होली के पावन पर्व पर आमजन को शुद्ध, देशी एवं हर्बल उत्पाद सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका परियोजना के माध्यम से दो दिवसीय आजीविका होली मेला का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को पुराना बस स्टैंड के सामने सिघांनिया परिसर, शहडोल में किया जाएगा। मेला प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा। जिला परियोजना समन्वयक अजय सिंह ने बताया कि होली के रंग, आजीविका के संग थीम पर आयोजित इस संभाग स्तरीय मेले में स्व-सहायता समूहों की दीदियों एवं स्थानीय शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। इससे 'मेक इन इंडिया' एवं 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा मिलेगा तथा समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध होगा।

किसान फसल हानि वाले रोगों एवं कीटों से बचाव हेतु सौर ऊर्जा का करें उपयोग

▶ जैविक खेती अंतर्गत मृदा सूर्यीकरण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, शहडोल । जैविक खेती अंतर्गत मृदा सूर्यीकरण पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय इंदिरा गांधी होम साइंस कॉलेज शहडोल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने प्रशिक्षार्थियों को बताया कि कई दशकों से फसलों के उत्पादन वृद्धि हेतु रसायनों जैसे उर्वरकों, कीटनाशक एवं खरपतवारनाशी दवाओं का प्रयोग बढ रहा है जो कि मानव समाज व पर्यावरण दोनों के लिए अत्यन्त हानिकारक है। इसी वजह से वर्तमान में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर ज्यादा बल दिया जा रहा है। किसान की बोई गई फसलों की नर्सरी को भूमि

जनित कीटं, रोग और खरपतवार से भारी नुकसान होता है। यह भूमि जनित कीटं, रोग और खरपतवार खेत की मिट्टी में पहले से ही पड़े रहते है और अनुकूल मौसम मिलते ही खेत में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाते है। अधिकतर किसान जमीन मे छिपे इन रोगों, कीटों से निपटने के लिए रासायनिक कीटनाशकों का इस्तेमाल करते हैं। इससे मिट्टी के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और जीव-जंतु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। किसान साथियों को फसलों के उत्पादन को नुकसान पहुंचाने वाले रोगों, कीटों व खरपतवारों से बचाव के लिए सौर ऊर्जा का भरपूर उपयोग करना चाहिए। अगर किसान खेती की जाने वाली जगह का मृदा सौरीकरण कर लें तो इनसे छुटकारा पा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मृदा सूर्यीकरण तकनीक में पारदर्शी पालीथीन (प्लास्टिक मल्चिंग) से वर्ष के अधिक तापमान वाले महीनों (मई-जून) में सिचाई उपरान्त खाली पड़े खेत को ढक देते हैं और पालीथीन के किनारों को मिट्टी से अच्छी तरह दबा देते हैं, ताकि मृदा में अवशोषित एवं संचयित ताप बाहर न निकल सकें। जिसके फलस्वरूप खेत की सतह पर तापमान में लगभग 8-12 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि हो जाती है। जो कि मृदा क0 उसमें पाये जाने वाले हानिकारक सूक्ष्म जीवाणुओं एवं खरपतवारों के बीजों के संक्रामकता दोष से शुद्धि करता है। मृदा में नमी की मात्रा इस तकनीक की सफलता का एक मुख्य कारक है इसलिए पॉलीथीन बिछाने से पहले खेत की हल्की सिंचाई कर देना अति आवश्यक है। इससे मृदा में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु पर सौर ऊष्मा का प्रभाव बढ जाता है तथा साथ ही साथ ऊष्मा का संचालन अधिक गहराई तक होता है। इस तकनीक का उपयोग उन क्षेत्रों में संभव है, जहां पर कम से कम 6 से 8 हफ्तों तक आसमान साफ एवं वातावरण का तापमान 40 डिग्री से.ग्रे. से अधिक रहता हो। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी दी कि मृदा सूर्यीकरण से मिट्टी में पाये जाने वाले परजीवी कवकों, जीवाणुओं, सूत्रकृमि व खरपतवार0 पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत: इनकी निष्क्रियता से फसलों को सीधा लाभ होता है। लाभकारी सूक्ष्म जीवों की सक्रियता, पोषण तत्वों की घुलनशीलता तथा उपलब्धता में वृद्धि एवं प्रभावकारी खरपतवार नियंत्रण आदि सभी कारकों के सम्मिलित प्रभाव से फसलों की बढ़वार तथा अन्तत: पैदावार में प्रशंसनीय वृद्धि हो जाती है। सब्जियों में भूमि जनित (मृदा जनित) प्रमुख बीमारियों में डैम्पिंग ऑफ (पौध गलन), बैक्टीरियल विल्ट (मुरझाना), फ्युजेरियम विल्ट, जड़ सड़नए मूल विगलन और फाइटोप्थोरा ब्लाइट शामिल हैं। इनसे बचाव के लिए मृदा सूर्यीकरण का प्रयोग सर्वोत्तम है। प्रषिक्षण कार्यक्रम में शासकीय इंदिरा गांधी होम साइंस कॉलेज शहडोल के विद्यार्थियों उपस्थित रहें।

मनमानी नगर परिषद के अधिकारियो की कार्यशैली पर सवाल

किसके संरक्षण में ठेकेदार ऑटो चालकों से कर रहा अवैध वसूली और काट रहा फर्जी रसीद



कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म. प्र.)
लोड-अनलोड/सुविधा शुल्क 2025-26
ठेकेदार- एच. ए. पैराडाइज
प्रो.- जैद खान
क्र. 7380 दिनांक
वाहन क्रमांक/नाम
राशि
रुपये शब्दों में प्राप्त किया
हस्ताक्षर

कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म. प्र.)
लोड-अनलोड/सुविधा शुल्क 2025-26
ठेकेदार- एच. ए. पैराडाइज
प्रो.- जैद खान
क्र. 7381 दिनांक
वाहन क्रमांक/नाम
राशि
रुपये शब्दों में प्राप्त किया।
हस्ताक्षर

लोड-अनलोड के नाम ठेकेदार ऑटो से कर रहा अवैध वसूली

नवभारत, ब्योहारी। नगर परिषद मे लोडिंग अनलोडिंग करने वाले वाहनों से वसूली हेतु नगर परिषद ने किसी जुवैद खान नामक व्यक्ति को ठेका पे दे रखा है किन्तु ठेकेदार द्वारा गुंडई के दम पर ऑटो चालकों से जबरजस्ती 10 रूपये की वसूली कर लोडिंग अनलोडिंग की रसीद दी जा रही है हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बाद भी अवैध वसूली पर रोक नहीं लग पा रहा है और न ही अवैध वसूली पर रोक लगाने हेतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जा रही है।

शिकायत के बाद भी हो रही अवैध वसूली

नगर परिषद ब्योहारी मे लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर ऑटो से ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली को बंद कराने के लिए एडवोकेट जितेन्द्र सराफ द्वारा दिनांक 17/02/2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी को लिखित शिकायत दी गयी इसके बाद भी अवैध वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा लग रहा है जैसे ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली का कुछ हिस्सा नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी को दिया जा रहा है जिस वजह से वो चुप्पी साधे हुए है और ठेकेदार को अवैध वसूली करने हेतु छूट दे रखे है।

ठेकेदार दे रहा फर्जी रसीद

लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है उसमे कंही भी नगर परिषद का सील नहीं लगा हुआ है। वह नगर परिषद से भेरीफाइड नहीं है पता नहीं इस रसीद को नगर परिषद ने जारी किया है या फिर ठेकेदार स्वयं छपवाकर अवैध वसूली कर रहा यदि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी स्वयं इसकी जांच करे तो पूरा मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा इसकी कलह खुलते देर नहीं लगेगा।

नवभारत, ब्योहारी। लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर ठेकेदार द्वारा खुली लूट की जा रही है। समाचार के बाद भी अवैध वसूली मे रोक नहीं लग रहा है। ठेकेदार न जाने किसके संरक्षण मे अवैध वसूली कर रहा है और नगर परिषद का जिम्मेदार अमला चुप चाप तमासा देख रहा है। ठेकेदार द्वारा की जा रही वसूली अवैध है यह जानने के बाद भी पता नहीं क्यों नगर परिषद का जिम्मेदार अमला कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा जिसे लेकर समाज सेवियों द्वारा नगर परिषद के अधिकारियो के कार्य शैली पर कई सवाल खड़े किये जा रहे है। उनका कहना है कि यह सब मिलीभगत से ही संभव है। हकीकत क्या है ये वही जाने।

शिकायत की अनदेखी या कुछ और

पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर परिषद ब्योहारी मे लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर ऑटो से ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली को बंद कराने के लिए एडवोकेट जितेन्द्र सराफ द्वारा दिनांक 17/02/2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी को लिखित शिकायत दी गयी तो उसे संज्ञान मे क्यों नहीं लिया गया। कंही इसके अवैध वसूली का कुछ हिस्सा नगर परिषद के जिम्मेदारो तक तो नहीं पंहुच रहा है या फिर ऐसी क्या मजबूरी है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अमला ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

ठेकेदार पर फर्जी रसीद काटने का आरोप

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है उसमे कंही भी नगर परिषद का सील नहीं लगा हुआ है। वह नगर परिषद से व्हेरीफाइड नहीं है पता नहीं इस रसीद को नगर परिषद ने जारी किया है या फिर ठेकेदार स्वयं छपवाकर अवैध वसूली कर रहा यदि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी स्वयं इसकी जांच करे तो पूरा मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा इसकी कलह खुलते देर नहीं लगेगा। अब देखने वाली बात यह है कि नगर परिषद का जिम्मेदार अमला इसे कितनी गंभीरता से लेता है और क्या कार्यवाही करता है या फिर सिक्के की चमक मे चका चौंध हो ठेकेदार को अवैध वसूली करने की खुली छूट देगा।

इनका कहना है

काम मेंव्यस्त था अभी नहीं दिखवा पाया हूँ, मैं ठेकेदार को बुलाकर बात करता हूँ क्या मामला है। गलत होगा तो कार्यवाही की जाएगी।

शरद कुमार गौतम
सीएमओ ब्योहारी

पुरानी बस्ती में बुजुर्ग का खून से लथपथ मिला शव मिला

नवभारत, शहडोल। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया, जब 85 वर्षीय बुजुर्ग का शव संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान मोहम्मद अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। शव पर गंभीर चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुरानी बस्ती स्थित नूरी मस्जिद के पास रेलवे के खाली पड़े क्वार्टर्स के समीप स्थानीय लोगों ने खून से सनी लाश देखी। शव के सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए हैं, वहीं मृतक के हाथ की उंगलियां भी टूटी हुई बताई जा रही हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना शहडोल की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

प्रारंभिक परिस्थितियां हत्या की ओर इशारा कर रही हैं, हालांकि आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

लोगों की मदद से करता था गुजर-बसर

बताया जाता है कि बाबा फ़क़ीर वर्षों पहले भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते थे। उम्र बढ़ने और शरीर के जवाब देने के बाद मोहल्ले के लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए उनकी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली थी। किसी ने सुबह का नाश्ता तय कर लिया था, कोई दिन का भोजन पहुंचाता था, तो कोई रात का खाना देता था। कई लोग पैसे, कपड़े, जूते-चप्पल और दवाइयों की व्यवस्था कर उनकी सेवा करते थे। मोहल्ले के लोगों के अनुसार बाबा बेहद नेक और सरल स्वभाव के इंसान थे। उनके पास हर धर्म के लोग हिंदू और मुस्लिम आते थे और उनका आशीर्वाद लेते थे। लोगों का विश्वास था कि बाबा की दुआ से परेशानियां दूर हो जाती थीं।

नशेड़ियों पर शक, पहले भी करते थे परेशान

सूत्रों के मुताबिक गुरुवार सुबह जब एक व्यक्ति रोज की तरह बाबा को नाश्ता देने पहुंचा तो मकान का दरवाजा खुला मिला। अंदर का दृश्य देखकर वह सन्न रह गया बाबा खून से लथपथ पड़े थे। सिर के पीछे और नाक पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के निशान बताए जा रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने आशंका जताई है कि कुछ नशेड़ी तत्व पहले भी बाबा को परेशान करते थे। उनका मानना है कि लाचार वृद्ध से पैसे छीनने की नीयत से यह वारदात अंजाम दी गई हो सकती है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है और जांच जारी होने की बात कही है।